महिला कालेज में बसंत उत्सव और मेला का किया गया आयोजन

संस, बेनाचिति : दुर्गापुर महिला कालेज में बसंत उत्सव व बसंत मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया। जहां छात्राओं ने अबीर खेला, वहीं नृत्य, संगीत व कविता प्रस्तुत किया गया। जिसका आनंद कालेज की छात्राओं ने उठाया। वहीं छात्राओं द्वारा हस्तशिल्प एवं खाने का स्टाल भी लगाया गया। कालेज के अनुसार शिक्षिकाओं व छात्राओं को लेकर इस बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं को हाथ के काम पर जोर दिया गया।

कालेज में नियमित हस्तशिल्प का क्लास भी होता है। जिसकी जानकारी लेकर छात्राएं अपना व्यवससाय भी शुरू कर सके। कालेज की प्राचार्य महानंदा कांजीलाल ने कहा कि इस उत्सव के बहाने छात्राओं के हस्तकला को बढ़ावा देने की कोशिश की गई। यहां छात्राओं ने हस्तशिल्प का स्टाल लगाया। इस उत्सव में शांतिनिकेतन, आसनसोल समेत विभिन्न जगह से पूर्व छात्रा भी पहुंची।